बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड

(बिहार सरकार का उपक्रम)

CIN - U40102BR2012SGC018889

निबंधित कार्यालय: चतुर्थ तल,विद्युत भवन, बेली रोड, पटना-800021

ई० मेल: dgmhr1015.bsptcl@gmail.com वेबसाइट- www.bsptcl.in

कार्यालय आदेश संख्या:-T-V/Re-Organisation/1207/2014 661 पटना, दिनांक- 14/08/18

बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के संकल्प सं0- 1113 दिनांक 16.04.2018 के द्वारा कंपनी के अधीन कार्यरत संचरण जोन, अंचल, प्रमण्डल एवं अवर प्रमण्डलों को पुनर्गठित करते हुए 01 (एक) अतिरिक्त जोन, 03 (तीन) अंचल, 05 (पॉच) प्रमण्डल, 03 अभिचालन एवं परीक्षण प्रमण्डल, 06 अभिचालन एवं परीक्षण अवर प्रमण्डल, 10 (दस) लाईन अनुरक्षण अवर प्रमण्डल तथा 03 (तीन) संचरण अंचलीय भंडार का सृजन किया गया।

साथ हीं उपरोक्त नवसृजित कार्यालयों के लिए होल्डिंग कंपनी के संकल्प सं0- 986 दिनांक 16.08.2016 के द्वारा लिपिकीय संवर्ग, अधिसूचना संख्या- 09 दिनांक 10.01.2017 के द्वारा आई0टी0 संवर्ग तथा संचरण कंपनी के का0 आ0 सं0- 470 दिनांक 08.06.2018 के द्वारा अभियंता संवर्ग, असैनिक संवर्ग एवं लेखा पदाधिकारी का पद सृजित किया गया है। साथ हीं नवसृजित कार्यालयों में पदस्थापन की कार्रवाई भी की जा रही है।

सभी नवसृजित कार्यालय कार्यरत हैं तथा संबंधित कार्यालयों में पदस्थापित पदाधिकारियों को प्रशासनिक एवं वित्तीय शक्तियाँ प्रदत्त हैं।

कंपनी के उपरोक्त संकल्प सं0- 1113 दिनांक 16.04.2018 के द्वारा नवसृजित कार्यालयों एवं विलोपित कार्यालयों के संबंध में निम्नलिखित निर्णय लिया जाता है:-

1. कार्यहित में पुनर्गठन के उपरांत सभी नवसृजित एवं विलोपित कार्यालयों के प्रभार आदि का हस्तानांतरण दिनांक 31.10.2018 तक निश्चित रुप से कर लेंगें।
2. संचरण अंचल, दरभंगा में नियमित व्यवस्था होने तक विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर के नियंत्राधीन कार्य करेगा तथा लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी होंगें।
3. संचरण अंचल, कोशी (मधेपुरा) में नियमित व्यवस्था होने तक विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल, पूर्णिया के नियंत्राधीन कार्य करेगा तथा लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, पूर्णिया व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी होंगें।
4. संचरण अंचल, सारण (छपरा) में नियमित व्यवस्था होने तक लेखा पदाधिकारी, संचरण अंचल, मुजफ्फरपुर व्ययन एवं निकासी पदाधिकारी होंगें।
5. किसी विशेष परिस्थिति, भौगोलिक क्षेत्राधिकार अथवा कार्यो के निष्पादन में संशय की स्थिति उत्पन्न होने पर कंपनी मुख्यालय को सूचना दी जा सकती है, जिसके समाधान के लिए कंपनी मुख्यालय से सम्यक निदेश जारी किया जा सके।

आदेश से,

ह0/-

(राज नारायण लाल)

महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)

कृ0पृ0प0

ज्ञापांक पटना, दिनांक

प्रतिलिपि निदेशक (परियोजना)/ निदेशक (परिचालन), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना / सभी महाप्रबंधक (मा0सं0/प्र0)/ सभी महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ सभी मुख्य अभियंता/ सभी महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता, संचरण जोन/ सभी उप महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)/ उप महाप्रबंधक (कार्मिक)/ उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, संचरण अंचल/ उप सचिव/ वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता/ सभी अवर सचिव/ डाटा बेस एडमिनिस्ट्रेटर/ कंपनी सचिव/ सभी सहायक कार्यपालक अभियंता/ प्रशासी पदाधिकारी/ लेखा पदाधिकारी (स्थापना)/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-

(राज नारायण लाल)

महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)

ज्ञापांक 2887 पटना, दिनांक 14/08/2018

प्रतिलिपि अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी/प्रधान आप्त सचिव/ निदेशक प्रशासन के प्रधान आप्त सचिव, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदा0, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदा0, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदा0, बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड/ प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदा0, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को सूचनार्थ प्रेषित।

14/8

(राज नारायण लाल)

महाप्रबंधक (मा0सं0/प्रशा0)